# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
## उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), सीतापुर।

साईं आर्शीवाद भवन, केशव ग्रीन सिटी, N.H. 24 शाहजहाँपुर बाईपास, सीतापुर, e-mail: eeruralsitapur@gmail.com

पत्र संख्याः 6048 / M-16 / 177 दिनांकः 31 / 07 / 2026

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
सीतापुर।

विषयः– दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में " जल जीवन मिशन का काम अधूरा, सीतापुर के बेलगवां में पानी की टंकी का निर्माण अटका " शीर्षक से प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में **" जल जीवन मिशन का काम अधूरा, सीतापुर के बेलगवां में पानी की टंकी का निर्माण अटका "** शीर्षक से दिनांक 18.07.2026 को प्रकाशित खबर की जाँच कराकर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कराते हुए आख्या उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये है।

उक्त समाचार पत्र में प्रकाशित खबर के क्रम में सादर अवगत कराना है कि प्रकाशित खबर विकास खण्ड एलिया की ग्राम पंचायत बेलगवां ग्रामीण पेयजल योजना से सम्बन्धित है।

विकास खण्ड एलिया की ग्राम पंचायत बेलगवां में अनुबन्धित फर्म मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 के द्वारा निर्माणाधीन है। योजनान्तर्गत में 1 नग नलकूप, 1 नग पम्पहाउस, 1 नग सोलर सिस्टम, 1 नग शिरोपरि जलाशय, 1 नग बाउण्ड्रीवाल, 15.008 किमी0 वितरण प्रणाली एवं 953 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष 1 नग नलकूप, 1 नग पम्पहाउस, 1 नग सोलर सिस्टम, 01 नग बाउण्ड्रीवाल, 14.842 किमी0 वितरण प्रणाली एवं 42 नग गृह जल संयोजन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

उपरोक्त योजना के अवशेष कार्यो को पूर्ण कराये जाने की लक्षित तिथि दिसम्बर 2028 है। तदानुसार कार्य प्रगति पर है। जिन्हें निर्धारित समयावधि में पूर्ण कर योजनाओं को क्रियाशील एवं जन उपयोगी कर दिया जायेगा।

अतः उपरोक्तानुसार आख्या आप महोदय की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है।

भवदीय,
Santosh
for अधिशासी अभियन्ता


पृष्ठांकन संख्या एवं दिनांक यथोपरि।
प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण) लखनऊ।
2. जिला सूचना अधिकारी, सीतापुर को सूचनार्थ प्रेषित।
3. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर को इस निर्देश के साथ कि फर्म के माध्यम से अवशेष कार्यों को ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
4. मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 को इस निर्देश के साथ कि अवशेष कार्यों को ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

# जल जीवन मिशन का काम अधूरा: सीतापुर के बेलगवां में पानी की टंकी का निर्माण अटका

शमीम अहमद | बेलगवां (सदर तहसील), सीतापुर
3 दिन पहले






सीतापुर ब्लॉक के एलिया क्षेत्र की ग्राम पंचायत बेलगवां में जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी का निर्माण कार्य कई साल पहले शुरू हुआ था, लेकिन यह अभी तक अधूरा है।

परियोजना के अधूरा रहने के कारण स्थानीय निवासियों को स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति में बाधा आ रही है। निर्माण कार्य की धीमी गति से ग्रामीणों में असंतोष है।

जल जीवन मिशन का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2024 तक प्रत्येक ग्रामीण घर में नल के माध्यम से प्रतिदिन प्रति व्यक्ति 55 लीटर सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना है। इस योजना का लक्ष्य ग्रामीण स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार लाना तथा महिलाओं को पानी लाने की लंबी दूरी की परेशानी से मुक्ति दिलाना है।

ग्रामीणों ने सरकार से इस कार्य को शीघ्र पूरा कराने की मांग की है ताकि उन्हें योजना का लाभ मिल सके।

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
## उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), सीतापुर।

साईं आर्शीवाद भवन, केशव ग्रीन सिटी, **N.H. 24** शाहजहाँपुर बाईपास, सीतापुर, e-mail: eeruralsitapur@gmail.com


पत्र संख्याः 6048 / M-16 / 177 दिनांकः 21 /07 /2026

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
सीतापुर।

विषयः– दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में " **जल जीवन मिशन का काम अधूरा, सीतापुर के बेलगवां में पानी की टंकी का निर्माण अटका** " शीर्षक से प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में " **जल जीवन मिशन का काम अधूरा, सीतापुर के बेलगवां में पानी की टंकी का निर्माण अटका** " शीर्षक से दिनांक 18.07.2026 को प्रकाशित खबर की जाँच कराकर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कराते हुए आख्या उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये है।

उक्त समाचार पत्र में प्रकाशित खबर के क्रम में सादर अवगत कराना है कि प्रकाशित खबर विकास खण्ड एलिया की ग्राम पंचायत बेलगवां ग्रामीण पेयजल योजना से सम्बन्धित है।

विकास खण्ड एलिया की ग्राम पंचायत बेलगवां में अनुबन्धित फर्म मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 के द्वारा निर्माणाधीन है। योजनान्तर्गत में 1 नग नलकूप, 1 नग पम्पहाउस, 1 नग सोलर सिस्टम, 1 नग शिरोपरि जलाशय, 1 नग बाउण्ड्रीवाल, 15.008 किमी0 वितरण प्रणाली एवं 953 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष 1 नग नलकूप, 1 नग पम्पहाउस, 1 नग सोलर सिस्टम, 01 नग बाउण्ड्रीवाल, 14.842 किमी0 वितरण प्रणाली एवं 42 नग गृह जल संयोजन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

उपरोक्त योजना के अवशेष कार्यों को पूर्ण कराये जाने की लक्षित तिथि दिसम्बर 2028 है। तदानुसार कार्य प्रगति पर है। जिन्हें निर्धारित समयावधि में पूर्ण कर योजनाओं को क्रियाशील एवं जन उपयोगी कर दिया जायेगा।

अतः उपरोक्तानुसार आख्या आप महोदय की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है।

भवदीय,

/

अधिशासी अभियन्ता

पृष्ठांकन संख्या एवं दिनांक यथोपरि।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण) लखनऊ।
2. जिला सूचना अधिकारी, सीतापुर को सूचनार्थ प्रेषित।
3. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर को इस निर्देश के साथ कि फर्म के माध्यम से अवशेष कार्यों को ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
4. मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 को इस निर्देश के साथ कि अवशेष कार्यों को ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

Santosh
for अधिशासी अभियन्ता